# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

ACCREDITED BY NAAC "B" Dt. 17/05/2022

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-312732
Mob. No. : 9425477966

E-Mail : hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index


पत्र क्रमांक / 1940 / अ.प्र / 2026 छिंदवाड़ा दिनांक 25 / 07 / 2026

### मानसेवी शिक्षकों की आगामी आवश्यकता हेतु पैनल तैयार करने विषयक

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में अध्यापन व्यवस्था हेतु महाविद्यालय के विभिन्न विषयों में आवश्यकतानुसार मानसेवी / जनभागीदारी शिक्षकों की वरीयता / गुणानुक्रम सूचियाँ / पैनल तैयार करने हेतु ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcollegechhindwara.edu.in के माध्यम से दिनांक 24 जुलाई 2026 से 12 ~~04~~ अगस्त 2026 के सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

**महाविद्यालय में निम्न विषयों हेतु मानसेवी शिक्षकों का वरीयता सूचियों / पैनल तैयार किया जाना है: (1) कम्प्यूटर विज्ञान (2) बॉयोटेक्नोलॉजी (3) माइक्रो बायोलॉजी (4) कृषि (बी.एससी) (5) वाणिज्य (6) प्रबन्धन (बी.बी.ए.) (7) अर्थशास्त्र (6) इतिहास (9) हिन्दी (10) अंग्रेजी (11) संस्कृत (12) राजनीतिशास्त्र (13) समाजशास्त्र (14) भूगोल।**

**अर्हता एवं मापदंड :**

(क) इच्छुक अभ्यर्थी ने संबंधित विषय /सह विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना दिनांक 18.07.2018 की कंडिका 3.4 उपकंडिका (1) के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) एवं शारीरिक अक्षमता धारी आवेदकों को न्यूनतम अर्हता अंकों में 5 प्रतिशत की छूट रहेगी।)
साथ ही–

(ख) अभ्यर्थी संबंधित विषय / सह–विषय में पी–एच.डी. धारक हो अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग / सी.एस. आई.आर. / आई.सी.ए.आर. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में सफल रहा / रही हो अथवा अभ्यर्थी मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित सेट / स्लेट परीक्षा में सफल रहा / रही हो।

(ग) सह–विषयों का निर्धारण म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्र. एफ / 1 / 0081 / 2022 / SEC–1–38 (HED), Date 13.12.2022 एवं 22.12.2022 के अनुसार होगा।

- संबंधित पदों पर कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अहर्ताएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधित विनियम 2018 के अनुरूप / एआईसीटीई के मापदंड मापदंड अनुसार वांछित है। वांछित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी इस व्यवस्था के अन्तर्गत आवेदन कर सकेंगे।
- मानदेय 1000 / – (एक हजार रूपये) प्रति कार्य दिवस देय होगा।

**आवेदन कैसे करें :**

- सभी आवश्यक जानकारी के साथ ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय की https://pgcollegechhindwara.edu.in के माध्यम से दिनांक 24 जुलाई 2026 से 12 ~~04~~ अगस्त 2026 के सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
- योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की प्रावधिक गुणानुक्रम सूची तैयार की जायेगी।
- आवेदन पत्र में सही एवं वांछित पूर्ण जानकारी देना अभ्यर्थी आवेदक की जिम्मेदारी होगी। आवेदक द्वारा कोई भी गलत जानकारी दिये जाने पर आवेदन निरस्त माना जायेगा।
- विभिन्न विषयों में आवश्यकतानुसार महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcollegechhindwara.edu.in के माध्यम से सूचित किये जाने पर अभ्यर्थी को महाविद्यालय

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-312732
Mob. No. : 9425477966

E-Mail : hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index


में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेजों की सत्यप्रमाणित छायाप्रति दो सेट में प्रस्तुत करनी होगी।

- दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत विषय ज्ञान एवं शिक्षण अभिरुचि परीक्षण हेतु विषय विशेषज्ञों द्वारा मौखिक साक्षात्कार लिया जायेगा (इस हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता इत्यादि देय नहीं होगा। तत्पश्चात विषयवार अंतिम गुणानुक्रम सूचियाँ तैयार की जायेंगी जिनमें से आवश्यकतानुसार गुणानुक्रम में अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा।
- उपरोक्त व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई है, यह व्यवस्था उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध नहीं है और न ही शासन द्वारा कोई अनुदान प्राप्त होता है। अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने अथवा उनके आमंत्रण को बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य/सचिव जनभागीदारी समिति को होगा।

नोट :

4. 2025–26 के अंत तक संस्थान में कार्यरत पूर्व से आमंत्रित मानसेवी/जनभागीदारी शिक्षकों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
5. समस्त जानकारियाँ समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcollegechhindwara.edu.in पर ही जारी की जायेगी।
6. वरीयता पैनलों के लिए आवयश्यक अर्हता, मापदण्ड एवं अधिभार संबंधी जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcollegechhindwara.edu.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. लक्ष्मीचंद)
प्राचार्य/सचिव
महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति
छिंदवाड़ा, दिनांक 25/07/2026

पृ. क्र./1941/2026
प्रतिलिपि :

6. समस्त विभागाध्यक्षों, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शास. स्व. स्नात. महावि., छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ।
7. प्रभारी जनभागीदारी समिति की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. प्रशासनिक अधिकारी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शास. स्व. स्नात. महावि., छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ।
9. प्रभारी, आई.टी. सेल, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा की ओर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
10. स्थापना/लेखा शाखा, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा।

(डॉ. लक्ष्मीचंद)
प्राचार्य/सचिव
महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
ACCREDITED BY NAAC "B" Dt. 17/05/2022

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-312732
Mob. No. : 9425477966

E-Mail : hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index


पत्र क्र. / 1940 / 2026 — छिंदवाड़ा, दिनांक 25/07/2026

**मानसेवी शिक्षकों के चयन हेतु गुणानुक्रम निर्धारण के अंक वितरण एवं अधिभार**

शैक्षणिक सत्र 2026–2027 में अध्यापन की व्यवस्था हेतु महाविद्यालय के विभिन्न विषयों में आवश्यकता अनुसार योग्य अभ्यार्थियों की पैनल तैयार करने संबंधी गुणानुक्रम निर्धारण हेतु अंक वितरण एवं अधिभार संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं –

**गुणानुक्रम निर्धारण हेतु अंक वितरण एवं अधिभार**

3. संबंधित विषय/सह–विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर प्राप्तांक प्रतिशत के 70 प्रतिशत अंक (अधिकतम 70 अंक)
4. विगत शैक्षणिक सत्र में शासकीय महाविद्यालय स्तर पर संबंधित विषय में किए गए अध्यापन कार्य हेतु अनुभव अधिभार गणना निम्न तालिका क्रमांक–1 अनुसार की जायेगी।

**तालिका क्रमांक–1**

| कालखंड प्रति शैक्षणिक सत्र | 500 अथवा अधिक कालखंड | 250 से अधिक परन्तु 500 से कम कालखंड |
|---|---|---|
| महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग $A, A^+, A^{++}$ | 2 अंक | 1 अंक |
| महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग $B, B^+, B^{++}$ | 1 अंक | 0.5 अंक |

3. बी.बी.ए. के लिए विगत शैक्षणिक सत्रों में महाविद्यालय में कोड–28 के अंतर्गत नियुक्त शिक्षकों / मध्यप्रदेश में स्थित म.प्र. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में कार्यरत एवं पूर्व में कार्यरत शिक्षकों के अनुभव अधिभार की गणना निम्न तालिका क्रमांक–2 के अनुसार की जायेगी

**तालिका क्रमांक–02**

| कालखंड प्रति शैक्षणिक सत्र | 500 अथवा अधिक कालखंड | 250 से अधिक परन्तु 500 से कम कालखंड |
|---|---|---|
| महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग $A, A^+, A^{++}$ | 2 अंक | 1 अंक |
| महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग $B, B^+, B^{++}$ | 1 अंक | 0.5 अंक |

4. अध्यापन अनुभव का अधिभार अधिकतम 5 शैक्षणिक सत्रों का (अधिकतम अधिभार 10 अंक) ही दिया जायेगा। संबंधित महाविद्यालयों के ऐसे अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे जिनमें व्याख्यानों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख होगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरते समय महाविद्यालय का संबंधित सत्र का नैक ग्रेड बेवसाइट के माध्यम से सुनिश्चित कर लें। तदानुसार ही अधिभार अंको का दावा करें। दस्तावेज सत्यापन के दौरान नैक ग्रेड का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना होगा।

5. दस्तावेज सत्यापन विषय ज्ञान एवं अध्यापन अभिरुचि परीक्षण हेतु महाविद्यालय में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर दस्तावेजों का प्रमाणीकरण/परीक्षण कराना होगा। दस्तावेजों के परीक्षण के पश्चात विषय विशेषज्ञों के समक्ष 20 अंकों का साक्षात्कार होगा।

प्राचार्य
प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

ACCREDITED BY NAAC "B" Dt. 17/05/2022

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-312732
Mob. No. : 9425477966

E-Mail : hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index


6 उपरोक्तानुसार प्राप्तांकों को जोड़कर विषयवार अभ्यर्थियों की वरीयता/गुणानुक्रम सूचियाँ तैयार की जायेगी। इन वरीयता / गुणानुक्रम सूचियों से आवश्यकतानुसार अध्यापन कार्य हेतु अभ्यर्थियों को मानसेवी/ जनभागीदारी शिक्षक के रूप में आमंत्रित किया जायेगा।

7. ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही जानकारी भरी जाना आवेदक/अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है। गलत जानकारी प्रस्तुत किये जाने पर आवेदन स्वतः निरस्त माना जायेगा। इस संबंध में समस्त जानकारी समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाईट पर ही जारी की जायेगी।

8. साक्षात्कार के लिये आमंत्रित किसी भी वर्ग के आवेदक को संस्थान की ओर से किसी भी प्रकार का टी ए, डी ए देय नहीं होगा।

नोटः साक्षात्कार तिथि एवं अन्य समस्त जानकारी अभ्यर्थी समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट https://pgcollegechhindwara.edu.in पर ही जारी की जायेगी बेवसाइट का सतत् अवलोकन करते रहें।

(डॉ. लक्ष्मीचंद)
प्राचार्य / सचिव
महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)